भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अमृतसर हवाई अड्डे पर ''सतर्कता, प्रबंधन का एक साधन'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया ।</u>

नई दिल्ली, 3 फरवरी, 2017: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निगमित सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक 31 जनवरी से 01 फरवरी, 2017 तक अमृतसर हवाईअड्डे पर ''सतर्कता, प्रबंधन का एक साधन'' विषय पर सतर्कता संबंधी एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कर्यशाला में अमृतसर, लुधियाना, जम्मू एवं पठानकोट हवाईअड्डों के लगभग 56 कार्यपालकों एवं गैर-कार्यपालकों ने भाग लिया । सामान्य मुद्दों के अलावा कार्यशाला में सतर्कता एवं अनुशासनिक मामलों के विभिन्न पहलुओं को भी कवर किया गया । प्रमुख वक्ताओं में श्री एम.पी. जुनेजा, आई ई एम, भाविप्रा, पूर्व सी टी ई, केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं पूर्व अपर सदस्य रेलवे बोर्ड ने ''सार्वजनिक प्रापण प्रक्रिया में कॉमन अनियमितताएँ'' विषय पर बात की । कार्यशाला के दौरान दिए गए प्रस्तुतिकरणों में सतर्कता संबंधी मामलों का अध्ययन, ई सी डी ए विनियम एवं वाणिज्यिक संविदाएँ शामिल रहे । श्रीमती शुभा ठाकुर, मुख्य सतर्कता अधिकारी, भाविप्रा ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी । इसके अलावा सतर्कता के रोकथाम के पहलुओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता के साथ चर्चा हुई और विचार-विमर्श किया गया । निवारक सतर्कता के अंश के रूप में नियमित अंतराल पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है ।

..

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787
सं. 66/2016-17

(बाएँ से दाएँ) श्री वी.वी.राव, विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अमृतसर हवाईअड्डा, श्री राकेश कालरा, कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र), भाविप्रा, श्रीमती शुभा ठाकुर, मुख्य सतर्कता अधिकारी, भाविप्रा, श्री एम. पी. जुनेजा, आई ई एम, भाविप्रा, पूर्व सी टी ई, केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं पूर्व अपर सदस्य रेलवे बोर्ड तथा श्री सुरेश एन. बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता), भाविप्रा अमृतसर हवाईअड्डे पर 31 जनवरी से 1 फरवरी 2017 के दौरान ''सतर्कता प्रबंधन का एक साधन'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर मंच पर ।